परिशिष्ट - 'अ'

(5)

विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्र - 6418

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0

क्रमांक/849 /2017
प्रति,

राजगढ़ दि0 03/03/2017

माननीय गिरीश भंडारी
(विधायक) नरसिंहगढ़।

विषय :- जिला परिवहन कार्यालय राजगढ़ जानकारी उपलब्ध कराने बावत्।
संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक 148/एमएलए/17 दिनांक 15/02/17
(2) पत्र क्रमांक 33/सी/एसटीए/17 राजगढ़ दिनांक 14/02/2017

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 13/02/2017 से 15/02/2017 तक आपके द्वारा चाही गई जानकारी निम्नानुसार है:-

(1) लरनिंग लायसेंस परमानेंट लायसेंस नवीन वाहन रजिस्ट्रेशन पुराने वाहनों का नामांतरण वाहनों का फिटनेस तथा अन्य और भी कितने कार्यो बावत् आवेदन जिला परिवहन कार्यालय राजगढ़ मे आये।

<u>जवाब</u> - लरनिंग लायसेंस 93, परमानेंट लायसेंस 85, नवीन वाहन रजिस्ट्रेशन निरंक, पुराने वाहनों का नामांतरण निरंक वाहनों का फिटनेस 28 तथा अन्य परमिट 20, HTV लायसेंस 05 रिनिवल लायसेंस 36 परिवहन कार्यालय राजगढ़ में आये।

(2) दिनांक 13/02/2017 से पत्र दिनांक तक जिला परिवहन कार्यालय राजगढ़ मे प्रस्तुत आवेदनों मे कितनो का निराकरण कर दिया गया इस संबंध मे किस कर्मचारी ने नोटशीट प्रस्तुत करी किस कर्मचारी अधिकारी ने टेस्ट लिया भौतिक सत्यापन करा, किस अधिकारी ने आदेश करा, रजिस्टर की छाया प्रति सहित जानकारी उपलब्ध करायें।

<u>जवाब</u> - दिनांक 13/02/2017 से पत्र दिनांक तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। लरनिंग लायसेंस, स्थायी लायसेंस एवं रिनिवल लायसेंस पर लिपिक छोटेलाल जाटव द्वारा नोटशीट प्रस्तुत की है। कम्प्यूटर के माध्यम से टेस्ट लिया है। दिनांक 13/02/2017 में आदेशिका पर श्री के.पी. अग्निहोत्री के हस्ताक्षर है। 14/02/2017 मे आदेशिका पर अधिकारी के हस्ताक्षर नही है। दिनांक 20/02/2017 को अनुमोदन लिया गया है। एवं दिनांक 15/02/2017 की जानकारी निरंक है।

(3) प्रक्रिया के तहत कम्प्यूटर मे लायसेंस (लरनिंग व स्थायी) एवं वाहन फिटनेस जिनके फोटो खिच चुके है लायसेंस धारक का नाम तथा फिटनेस हेतु प्रस्तुत वाहन का रजिस्ट्रेशन कमांक तथा वाहन स्वामी का नाम उनकी जानकारी तथा किस अधिकारी के हस्ताक्षर से फोटो खिचने के संबंधित आदेश जारी हुए है तथा फिटनेस किये जाने संबंधी उसकी जानकारी उपलब्ध करायें।

जवाब – दिनांक 13/02/2017 मे 21 आवेदन फिटनेस के प्राप्त हुए जिनका निराकरण लिपिक श्री जागेश्वर श्रीवास्तव तथा अधिकारी श्री के.पी. अग्निहोत्री जी के हस्ताक्षर है। दिनांक 14/02/2017 मे 07 आवेदन प्राप्त हुए है। जिनके फोटो बिना अधिकारी के आदेश के लिये गये है। बाद मे अनुमोदन लिया गया है।

(4) दिनांक 01/02/2017 से आवेदन दिनांक तक जिला राजगढ़ एवं राजस्थान बार्डर के बीच स्थित आर.टी.ओ. चैक पोस्ट (सेमली बेरियर) से कितने राजस्व की प्राप्ती प्रति दिन हुयी तथा कौन निरक्षक उक्त समय पर बेरियर पर उपस्थित रहा तथा रौज नामचे मे किस–किस अधिकारी की उपस्थिति दर्ज है की जानकारी दिनांक अनुसार प्रति प्रति की उपलब्ध करायें।

जवाब – दिनांक 01/02/2017 से 15/02/2017 तक जिला राजगढ एवं राजस्थान बार्डर के बीच आर.टी.ओ. चैक पोस्ट (सेमली बेरियर) पर कुल 5,81,330/– राजस्व की प्राप्ति हुई है। प्रतिदिन रौजनामचे पर दिनांक 01/02/2017 से 13/02/2017 तक परिवहन निरीक्षक श्री के. पी. अग्निहोत्री के हस्ताक्षर है।

(5) आपके पत्र कमांक 33/सी/एसटीए/17 राजगढ दिनांक 14/02/2017 द्वारा कलेक्टर महोदय को दिये गये ज्ञापन का जवाब पत्र कमांक 222/2017 राजगढ दिनांक 16/02/2017 द्वारा कलेक्टर महोदय राजगढ को भेजा गया है। जिसकी प्रति संलग्न कर पत्र के साथ सादर प्रेषित है।

3/3/17

जिला परिवहन अधिकारी
राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.